हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 22 मई 2025

तापमान
अधिकतम 47.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

12 जनता त्रस्त, नगर निगम बना भ्रष्टाचार का गढ़



12 अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी



## खबर संक्षेप

### लाडवा में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**कुरुक्षेत्र।** 22 मई को कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं नेतृत्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी।

### गहने छीनने की आरोपी दो महिलाएं गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने बागेश्वर बाबा की कथा सुनने जम्मू से आई गुरमीत तामडग पत्नी असीम तामडग की सोने के लॉकेट सहित चेन चोरी करने के आरोप में दिल्ली के नजफगढ़ निवासी सपना व सोनम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सोने की चेन व एक हजार रूपए बरामद किए है। आरोपियों ने लॉकेट पांच हजार रूपये में अज्ञात को बेच दिया था।

### मादक पदार्थ की खेप के साथ तस्कर पकडा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने सेक्टर 25 गंदा नाला पुलिया के पास कैंटर से 28 किलो 100 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। वहीं पुलिस ने नशा तस्कर कैंटर चालक बलबीर पुत्र बोधराम निवासी कुटानी रोड अशोक विहार कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि आरोपी बलबीर, कैंटर चलान के साथ मदाक पदार्थ की बिक्री का काला कारोबार भी करता है। वहीं आरोपी ने पुलिस को बताया वह बरामद चूरा पोस्त को राजस्थान से कम कीमत पर खरीकर पंजाब में बेचने के लिए लाया था। बलबीर के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया और उसे कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

### फर्जी कागजातों पर बनवाया पासपोर्ट

**पानीपत।** रेरकलां के निवासी शिवम राठी फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनवाया है। वहीं शिवम राठी को गांव रेरकलां में ओमपाल के नाम से जाना जाता है। शिवम राठी पर हत्या व जान लेवा हमले के आरोप में कैथल के सिटी थाना में केस दर्ज है। जिसे ऑन किलिंग कहा गया था। वहीं राठी पर अपने गांव में भी मारपीट के आरोप में केस दर्ज है। इधर, डीएसपी विवेक चौधरी ने बताया कि कैथल के सिटी थाना में जून 2024 में दर्ज हत्या, हत्या के प्रयास के मामले में उनकी टीम जांच कर रही है। जिसमें पानीपत के गांव रेरकलां के रहने वाले शिवम राठी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। जांच में सामने आया कि शिवम राठी को गांव में ओमपाल के नाम से भी जाना जाता है। शिवम ने पानीपत आरटीए से दो ड्राइविंग लाइसेंस जारी करवाए। जबकि जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपना पासपोर्ट दूसरे क्रेडेंशियल्स के आधार पर जारी करवाया है।

### कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा परशुराम जयंती समारोह का निमंत्रण देने पहुंचे इंद्री

# रोहतक के पहरावर में 30 को मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती


### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

- भगवान परशुराम भवन (ब्राह्मण धर्मशाला) को 11 लाख रुपये देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री/करनाल

हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा आज राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का निमंत्रण देने के लिए इंद्री के भगवान परशुराम भवन में पहुंचे। जहां पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने भगवान परशुराम भवन (ब्राह्मण धर्मशाला) को 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संत-महापुरूष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत भगवान परशुराम जयंती के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन आगामी 30 मई को रोहतक के पहरावर में किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली करेंगे। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए वे स्वयं विभिन्न जिलों में जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के कोने-कोने से ब्राह्मण समाज व सर्व समाज अपनी भागीदारी करेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और यह जनता के सहयोग से ही संभव हो पाया है। प्रदेश सरकार सभी महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का कार्य कर रही है, जिसमें सभी समाजों का योगदान होता है। उन्होंने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक शिक्षा संस्थान है, जिसकी शुरुआत 1904 में पंडित भगवत दयाल गौड़ शर्मा ने की थी।



इंद्री। परशुराम जन्मोत्सव समारोह का निमंत्रण देने के लिए आए पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा का स्वागत करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर ब्राह्मण समाज इंद्री के प्रधान सुरेंद्र भूषण समौरा, विजय घनौरा, सतपाल सिंह, नरेश शर्मा, दीपक करतारपुर, सुमित खरक, राकेश राजेपुर, तेजपाल, विकास बीबीपुर, नरेश कुमार, अमित धूमसी, नगरपालिका चेयरमेन राकेश, भाजपा नेता अमित खेड़ा, महेंद्र पंजोखरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बेटी की मौत, मां घायल



यमुनानगर। गांव धौलरा के पास हुए सड़क हादसे में मृतक लड़की का फाइल फोटो व कार्रवाई करती पुलिस।

- सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर गांव धौलरा के पास हुआ हादसा
- कुरूक्षेत्र से सत्संग सुनकर घर लौट रही थी मां-बेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर गांव धौलरा के पास सड़क क्रॉस करते समय ट्रक ने मां-बेटी को कुचल दिया। हादसे में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मां घायल हो गई। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के समय दोनों मां बेटी कुरूक्षेत्र से सत्संग सुनकर घर लौट रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव धौलरा माजरी निवासी संगीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी छोटी लड़की सोनाक्षी दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। वह बुधवार को अपनी बेटी सोनाक्षी के साथ कुरूक्षेत्र में सत्संग सुनने के लिए गई थी। जब वह वहां से वापस घर लौट रहे थे तो वह गांव के बस अड्डे पर उतर गए। इसके बाद जब वह सड़क क्रॉस करने लगे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन दोनों को टक्कार मार दी। हादसे में वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी बेटी के सिर व मुंह से खून आने लगा।

कुछ देर बाद उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। उसने फोन करके घटना की सूचना अपने पति को दी। सूचना मिलते ही उसका पति व गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने हादसे के बारे डायल 112 को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## रोमानिया भेजने के नाम पर हड़पे 3.75 लाख रुपये

- तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**यमुनानगर।** रोमानिया भेजने के नाम पर गांव स्टारी निवासी जंग बहादुर से तीन लाख 75 हजार रुपये हड़प लिए गए। जंग बहादुर अपने लड़के साहिल को विदेश भेजना चाहता था।

आरोप शहर के संतपुरा के नजदीक बेगमपुर नाम से ऑफिस चलाने वाले पंचकुला निवासी अमित कुमार, जडोदा निवासी नीटू व गौरव पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। जंग बहादुर ने बताया कि काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। तब उसने पुलिस में शिकायत दी।

## हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में काव्या निवासी दीना की मण्डी अम्बाला छावनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 29 जनवरी को एएनसी अम्बाला के पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है और आज डेहा कालोनी से पालिका विहार अम्बाला शहर की तरफ मादक पदार्थ सहित आएगा।

सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने पालिका विहार मोड़ से मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध को हेरोइन समेत काबू कर लिया।

## तेज आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

- मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करने की अपील

**करनाल।** करनाल में अचानक आए तेज़ आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। तेज़ हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हुआ और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा, बिजली के खंभे और तार टूटने से कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। भारतीय मौसम विभाग ने करनाल और आसपास के क्षेत्रों के लिए शाम 9:30 बजे तक ओलावृष्टि और 50-60 किमी/घं की रफ्तार से तेज़ हवाओं के साथ आंधी-तूफान की रेड वॉर्निंग जारी की है। बिजली विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने में जुटी हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में अभी भी अंधेरा पसरा हुआ है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य जारी हैं। वे किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

## डंपर की टक्कर लगने से महिला की मौत

- शाहबाद-बराड़ा रोड पर हुआ हादसा, गांव थम्बड़ की निवासी थी विधवा महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा





बराड़ा। दुर्घटना के बाद पलटा पड़ा डम्पर व मृतक महिला की फ़ोटो।

बुधवार सुबह गांव थम्बड़ की रहने वाली 45 वर्षीय विधवा शशि बाला की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 7:25 बजे शाहबाद-बराड़ा रोड पर अनाज मंडी गेट नंबर-3 के सामने हुआ, जब तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहा एक डम्पर एक्टिवा सवार शशि बाला को टक्कर मारते हुए कुचलता हुआ निकल गया।

मृतका अम्बाला रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करती थीं। मृतका के रिश्तेदार रवि कुमार निवासी थम्बड़ ने बताया कि शशि बाला अम्बाला रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करती थी और प्रतिदिन गांव व थंबड़ से एक्टिवा पर बराड़ा तक जाती थी। बुधवार सुबह वह अपनी-अपनी बाईक पर सवार होकर अम्बाला कैंट जाने के लिए निकले थे।

शशि बाला अपनी एक्टिवा पर आगे चल रही थीं। जब वे अनाज मंडी के सामने पहुंचे तो दोसड़का की तरफ से तेज गति से आ रहा रेत का भरा डम्पर अचानक शशि बाला की एक्टिवा से टकरा गया। टक्कर से शशि बाला सड़क पर गिर गईं और डम्पर का अगला पहिया उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे वह बुरी तरह कुचल गईं। हादसे के बाद डम्पर सड़क किनारे नाले में पलट गया और चालक भी मौके से भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 112 नंबर और एम्बुलेंस को फोन कर सूचित किया। पुलिस और परिजन भी मौके पर पहुंच गए।शशि बाला को तुरंत एम्बुलेंस में एमएम अस्पताल मुलाना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सबका पोषण करने वाली प्रकृति से प्रेरणा लें : सुरेश

# मधुमक्खियां जैव विविधता में सहायक

- महाराणा प्रताप उद्यान विवि में विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में विश्व मधुमक्खी दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने शिरकत की।


यह आयोजन नेशनल बी बोर्ड भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित मिनी हनी टेस्टिंग लैब परियोजना के अंतर्गत किया गया। यह प्रयोगशाला न केवल शहद की गुणवत्ता की जांच करेगी, बल्कि किसानों को प्रशिक्षण और जागरूकता भी प्रदान करेगी। कुलपति ने मधुमक्खियों के पारिस्थितिकीय महत्व और खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। मधुमक्खियाँ परागण के माध्यम से न केवल कृषि उत्पादकता बढ़ाती हैं, बल्कि प्राकृतिक जैव विविधता को भी बनाए रखने में सहायक हैं। कुलपति ने कहा कि किसान खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन कर ज्यादा मुनाफा कमा सकता है। मधुमक्खी किसान भाईयों को प्रकृति का अनमोल उपहार के समान है। इस अवसर पर डॉ धर्मपाल, डॉ रमेश कुमार गोयल,डॉ विजय पाल यादव और छात्र व किसान भी उपस्थित रहे।




करनाल। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा किसानों को शहद वितरित करते हुए।

**किसानों को शहद बांटा**

इस अवसर पर प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों और उत्पादों की प्रदर्शनी दिखाई गई, जिससे उन्हें इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने की प्रेरणा मिली। विशेष आकर्षण के रूप में विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित शुद्ध शहद किसानों को वितरित किया गया।



# प्रॉपर्टी आईडी के हर मामले की गहनता से जांच कर करें निपटान

◆ प्रॉपर्टी आईडी ऑब्जेक्शन, स्वयं संपत्ति प्रमाणित प्रॉपर्टी टैक्स, लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से काबिज संपत्ति धारकों को मालिकाना हक देन के मामलों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नगर निगम कार्यालय में बुधवार को विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों, प्रॉपर्टी आईडी के मेकर व चेकर व अन्य कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त अखिल पिलानी ने की। उन्होंने अधिकारियों को प्रॉपर्टी आईडी ऑब्जेक्शन, स्वयं संपत्ति प्रमाणित, प्रॉपर्टी टैक्स, लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से काबिज संपत्ति धारकों को मालिकाना हक देने, शहरी स्वामित्व योजनाए अवैध कॉलोनियों को नियमित करने समेत विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। निगम आयुक्त ने सबसे पहले टैक्स ब्रांच के अधिकारियों के साथ प्रॉपर्टी आईडी ऑब्जेक्शन पर चर्चा की। उन्होंने सभी मेकर व चेकर पर लंबित प्रॉपर्टी ऑब्जेक्शन की जानकारी ली और सभी को जल्द से जल्द उनका निपटाने करने के निर्देश दिए। हर ऑब्जेक्शन की जांच कर नियमानुसार उसका निपटान करें। स्वयं संपत्ति प्रमाणित कार्य की जानकारी लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर कर्मी 20 संपत्तियां रोजाना स्वयं प्रमाणित करे। इस बार रविवार को भी कर्मचारी स्वयं संपत्ति प्रमाणित कार्य करेंगे। 28 मई तक नगर निगम क्षेत्र की 60 प्रतिशत संपत्तियां स्वयं प्रमाणित करने का प्रयास करें। जिन संपत्तियों में मालिक का नाम, मोबाइल नंबर अंकित हैए पहले उन्हें प्रमाणित करने का कार्य करें। निगमायुक्त ने टैक्स ब्रांच से प्रॉपर्टी टैक्स की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2024.25 में 16 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा हुआ है।

## निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश


यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त अखिल पिलानी।

### टैक्स वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

निगम आयुक्त पिलानी ने अधिकारियों को इस बार वित्त वर्ष में बढोतरी करने और सभी प्रॉपर्टी धारकों से टैक्स वसूलने के निर्देश दिए। प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर भी कार्रवाई कर पूरा टैक्स वसूलने के आदेश दिए।

### निगम क्षेत्र में डोर टू डोर जाकर करें संपत्ति सत्यापन

निगमायुक्त ने लाल डोरे व आबादी देह में 10 साल से अधिक समय से बसे प्रॉपर्टी धारकों को मालिकाना हक देने के लिए जल्द से जल्द उनके प्रमाण पत्र बनाने व लंबित दस्तावेजों की जांच कर जल्द निपटाएं। वार्ड कमेटी को निर्देश दिए कि वे हर वार्ड में जाकर संपत्ति धारकों के दस्तावेज पूरे कर उनके प्रमाण पत्र बनााए। संपत्ति धारकों से अपील की कि वे अपनी संपत्ति स्वयं प्रमाणित कराए। घर-घर आ रहे निगम के कर्मियों की भी स्वयं संपत्ति प्रमाणित कराने में मदद करें। मौके पर उपआयुक्त कुलदीप मालिक, एटीपी आशीष छाछिया, अजय वालिया, प्रदीप कुमार, जितेंद्र मल्होत्रा, एमई दीपक सुखीजा, बीआई नरेश दहिया व रामपाल मान इत्यादि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवकों ने महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** जगाधरी के झंडा चौक के पास बाइक सवार दो युवकों ने महिला का पर्स झपट लिया। पर्स में मोबाइल व छह हजार रुपये थे। पुलिस ने अज्ञात स्रेचरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की होनियार गली निवासी रजनी ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गई थी। दोपहर तीन बजे जब वह घर लौट रही थी तो झंडा चौक के पास बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। एक युवक उतरकर उसके पास आया व दूसरा बाइक पर बैठा रहा। आरोपी ने आते ही उसके हाथ से पर्स झपटा व बाइक पर सवार अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए।

### युवक ने किशोरी के साथ की छेड़छाड़, केस दर्ज

**यमुनानगर।** हुडा सेक्टर-17 में एक युवक ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी कईं दिन से किशोरी का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी। हुडा सेक्टर-17 निवासी महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी जब भी घर से बाहर जाती तो कुनाल चन्ना नामक युवक उसका पीछा कर उसे परेशान करता था। वह उसे गंदे इशारे कर गलत शब्दों का प्रयोग करता। पहले उसकी हरकतों को नजरअंदाज किया। मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 19 मई को दोपहर जब उसकी बेटी घर लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसकी लड़की का पीछाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। जिसके बारे में उसने घर आकर घटना के बारे में बताया।

### एक पेड मां के नाम से अभियान होगा शुरू

**यमुनानगर।** शहर को हरा भरा बनाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग एक पेड मां के नाम अभियान चलाएगा। शहर में पौधरोपण किया जाएगा। इससे न केवल शहर सुंदर और हराभरा बनेगा बल्कि प्रदूषण में कमी, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बढावा भी मिलेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने बताया कि भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस पहल के तहत अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत पौधरोपण किया जाएगा।

### अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस रही तैनात

# जिला नगर योजनाकार ने अवैध कॉलोनी में निर्माण पर चलाया पीला पंजा, हड़कंप

गांव राजपुर में बन रही अनाधिकृत कॉलोनी में जेसीबी से अवैध निर्माण को किया ध्वस्त, डीटीपी राजेश कुमार ने लोगों से की अवैध कॉलोनियों में प्लाट और मकान नहीं खरीदने की अपील।


यमुनानगर। राजपुर में अवैध कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य तोड़ती जेसीबी।


रादौर। कस्बे में दुकानों के सामने सामान रखकर किया गया अतिक्रमण। *फोटो : हरिभूमि।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग ने साढ़ौरा के राजपुर में विकसित की जा रही अनाधिकृतक कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद से ढ़हा दिया। इस दौरान अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने लोगों से अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया है।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार साढ़ौरा के नायब तहसीलदार एवं ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ अर्बन एरिया यमुनानगर जगाधरी में पड़ने वाले राजस्व सम्पदा राजपुर में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में पहुंचे। इस दौरान विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य व कच्ची सड़कों को ढ़हा दिया। मौके पर जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य ढ़हाने से पहले चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट नंबर 8 ऑफ 1975 के तह्त नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई थी। जिसके बाद अनाधिकृत कॉलोनी में कार्रवाई की गई।

### अनाधिकृत कॉलोनियों में कोई नहीं खरीदें प्लाट

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनाधिकृत कॉलोनियों मे प्लाट आदि नहीं खरीदने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि प्लाट आदि खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल कर लें कि जिस कॉलोनी में उन्होंने निवेश किया है वह अनाधिकृत कॉलोनी तो नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की कॉलोनियों में कार्रवाई जारी रहेगी।

### » दुकानों के आगे अतिक्रमण होने से कस्बावासी परेशान, अधिकारी बेखबर

■ कस्बा के लोगों ने नपा प्रशासन से की दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग।

रादौर। रादौर कस्बा के मेन बाजार समेत अन्य मार्गों पर दुकानों के समक्ष सामान रखकर किए गए अतिक्रमण से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से कस्बा में दुकानों के आगे सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की है। कस्बा संदीप कुमार, राजीव कुमार, सोनू, राकेश, कुलदीप व सौरभ आदि ने बताया कि रादौर के मेन बाजार, बुबका रोड़, पुलिस स्टेशन के नजदीक, गीता बाजार,अस्पताल रोड, बस स्टैंड रोड, बुबका चौक,कॉलेज रोड व अनाजमंडी रोड पर दुकानदारों ने दुकानों के आगे सामान रखकर सड़क तक अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे कस्बा में सड़क मार्ग तंग हो गए हैं। अतिक्रमण के कारण कस्बा के रावल चौक, कमेटी चौक, बुबका चौक व मेन बाजार में हर समय जाम लगा रहता है। जिससे राहगिरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पुराने समय में कस्बा के मेन बाजार से बसें व ट्रक आसानी से गुजर जाया करते थे। मगर आज कस्बा के मेन बाजार की हालत यह हो गई है कि वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दुकानदारों ने दुकानों के आगे पक्के चबुतरे बना लिए हैं। वहीं बहुत से दुकानदारों ने पक्के चबुतरो तक अपनी दुकाने बढ़ाकर लोहे के शटर लगा दिए हैं। अतिक्रमण के कारण कस्बा का सड़क मार्ग सिकुड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर कई बार नपा प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने नपा प्रशासन व जिला उपायुक्त से रादौर के मेन बाजार समेत अन्य मार्गों पर दुकानों के समक्ष किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की।



### सर्व सम्मति से सीमा रानी बनी स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान

■ राउवि मंधार में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न

रादौर। राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने की। कार्यक्रम में सीमा देवी को सर्वसम्मति से समिति का प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं आठ अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त प्रधान सीमा देवी व अन्य पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी अधिकारी दो वर्ष के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर प्रिंसिपल रोहित अरोड़ा ने एसएमसी द्वारा करवाए गए कार्यो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसएमसी ने स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, पीने के पानी के लिए वाटर कूलर, पौधारोपण, स्कूल में पेंट करवाया गया। इसके साथ ही स्कूल में नए पंखे लगवाए, किचन गार्डन बनवाया गया। उन्होंने स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर सभी अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश, सरपंच प्रीति रानी, जोगिंद्र, उमा व प्रवीण आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना से सैकड़ों परिवारों को मिली मदद: गुप्ता

**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है। डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सहायता देना है जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आवश्यक धनराशि जुटाने में सक्षम नहीं होते।

# अखंड भारत बनाने में राजीव गांधी का योगदान अहम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर





गांव ऊंचा चांदना में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव परमजीत धीमान के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव परमजीत धीमान ने बताया कि राजीव गांधी भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे जो कि देश में कंप्यूटर क्रांति लेकर आए थे। युवाओं के लिए नई कंपनियां लगाकर रोजगार के नए साधन उपलब्ध करवाने में सबसे ज्यादा योगदान रहा। भारत की एकता व अखंडता को मजबूत करने को दिन रात काम किया। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दिलाए व भारत में फैले हुए वह पड़ोसी देशों में ज्यादा प्रसार रहे। आतंकवाद को खत्म करने के लिए शक्ति से काम किया। उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की आयु में वोट का अधिकार दिलवाया। युवाओं को लेकर राजीव गांधी की सोच थी कि बेरोजगारी को जड़ से खत्म कर देश को युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले।

### राजीव गांधी ने दिया युवाओं को मत डालने का अधिकारः त्यागी

यमुनानगर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शहर के जगाधरी वर्कशॉप मार्ग स्थित कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधानसभा के प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने की। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने देश में जहां तकनीकी युग की शुरुआत की। उन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मत डालने का अधिकार दिलवाया। उनका नजरीया बेहद आधुनिक था। वह देश के सबसे कम 40 वर्ष आयु के प्रधानमंत्री रहे। आज देश स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यातिथि श्रद्धापूर्वक मना रहा है। उन्होंने 1984 से 1989 तक बहुमत वाली सरकार का नेतृत्व करने वाले अंतिम कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे। थे। देश को भ्रष्टाचारमुक्त बनाना उनका सपना था। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने पंचायती राज की शुरुआत की। इस मौके पर निर्मला चौहान, बबलू सुढ़ैल, रूमा देवी, दिनेश डुमरा, शारदा रानी, अनीता यादव, विनय कंबोज, करण सिंह, विजय पाल सिंह, विजय मरवाह, विक्रांत , हसान ,गुरनाम, सुरेश ,आनंद मौजूद रहे।



### कॉलेज संस्थापक सेठ जय प्रकाश की पुण्यतिथि मनाई

**रादौर।** मुकंदलान नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक सेठ जयप्रकाश की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने संस्थान के संस्थापक सेठ जय प्रकाश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने कहा कि रादौर व यमुनानगर में मुकंदलाल कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थानों की नींव सेठ जयप्रकाश द्वारा रखी गई थी। ताकि जिले समेत अन्य इलाकों से विद्यार्थी इन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करके अपना भविष्य बना सकें। वर्ष 1971 में सेठ जय प्रकाश का स्वर्गवास हुआ। सेठ जयप्रकाश ने रादौर के छोटे से कस्बे व यमुनानगर में विद्या की ज्योति जगाकर उसे जन जन तक पहुंचाया। आज भी कॉलेज को पीढ़ी दर पीढ़ी विद्या ग्रहण हेतु प्राथमिकता दी जाती है और इसमें कौशल प्रधान, ज्ञान प्रधान, योग्यता प्रधानए,शिक्षा अनवरत दी जा रही है। भविष्य में रोजगार प्रधान शिक्षा देने की भी सुविधा का पूर्ण प्रयास है। मौके पर स्टॉफ सदस्य डॉ. कॉलेज के छात्र.छात्राओं द्वारा पुण्यात्मा को पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर डॉ. महेंद्र सिंह व डॉ. रिचा सीकरी आदि मौजूद रही।

### विश्व में भारत की वीरता व जज्बे को किया जा रहा है सलामः शर्मा

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को सैनिक शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने जहां मानव श्रृंखला बनाकर देशभक्ति का परिचय दिया।



वहीं बच्चों ने देश के सच्चे राष्ट्रीय प्रहरी बनने की शपथ भी ली। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक चेयरमैन जीएस शर्मा ने जय हिंद व भारत माता की जय के उद्घघोषों से की। स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि हमारे देश के जवानों ने पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जिस तरह से जवाब दिया है। उससे देश की सेना का पूरे विश्व में परचम लहराया है। उन्होंने सभी बच्चों से देश की एकता, अखंडता व देशभक्ति की भावना को सर्वोपरि रखकर हर स्थिति में देश की सेवा हेतु तत्पर रहने का आह्वान किया। जिस भारत देश में हम रहते हैं उस पर हमें गर्व होना चाहिए। आज पूरा विश्व भारत की वीरता व जज्बे को सलाम कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से भारत देश का नक्शा बनाकर सभी को देशभक्ति का परिचय दिया। साथ ही देश सेवा के लिए हर समय तैयार रहने की शपथ ली।

## डीसी ने जिला सैनिक जनसंवाद समिति के साथ की बैठक

# पूर्व सैनिकों व परिजनों को मिले पूरा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर


यमुनानगर। जिला सैनिक जन संवाद समिति की बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए पूर्व सैनिक। *फोटो : हरिभूमि।*

जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के सभागार में बुधवार को सैनिक जन संवाद समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने अधिकारियों को पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को पर्याप्त सम्मान व उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सैनिक जन संवाद समिति की बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को सम्मान मिले व उनकी समस्याओं को बेहतर ढंग से सुनते हुए समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि सैनिक कल्याण विभाग के कार्यालय में हर महीने के तीसरे बुधवार को सैनिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव आहलुवाला निवासी रणजीत सिंह ने शमशान घाट में पानी भरने की समस्या रखी। जिस पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने एसडीएम जगाधरी कोतुरंत इसकी जांच करवा कर समस्या का समाधान करवाए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सैनिकों ने प्रॉपर्टी आईडी में नाम ठीक करवाने की समस्या रखी। जिस पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नगर निगम के अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लाल डोरे की रजिस्ट्री की समस्या भी रखी गई। वहीं, गांव कलावड़ में पंचायती जमीन पर खेल स्टेडियम बनवाने व यमुनानगर में शहीदी स्मारक बनवाने की मांग रखी । जिस पर उपायुक्त ने खेल स्टेडियम व शहीदी स्मारक बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विकास खंड स्तर पर चयनित सभी विकास खंड प्रभारी स्वयं रूचि लेकर भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों का पूरा विवरण तैयार करें। ताकि शासन द्वारा संचालित योजनाओं,परियोजना में पात्रता के अनुरूप उन्हें लाभवंतित करवाया जा सके। भूतपूर्व सैनिक स्वस्थ व इच्छाशक्ति से मजबूत होते हैं। ऐसी स्थिति में वह शासन की नीतियों योजनाओं से स्वयं लाभान्वित तो होंगे ही साथ ही योजनाओं की उद्देश्य पूर्ति भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा की भूतपूर्व सैनिकों का देश हित में अभूतपूर्व योगदान रहता है। इसलिए उन्होंने समाज में सम्मान मिले और उनके अनुभव का लाभ भी प्राप्त किया जा सके। बैठक राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुई। मौके पर एसडीएम जगाधरी सोनू राम, जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग यमुनानगर के कल्याण अधिकारी विंग कमांडर संजय कुमार राय, सूबेदार रणजीत सिंह, अधीक्षक खजाना कार्यालय ममता, पूर्व हॉनरी कैप्टन कदर नाथ, हॉनरी कैप्टन रणजीत सिंह, पूर्व सार्जेंट एमआर बंसल, सार्जेंट बलदेव बत्तरा व अर्धसैनिक बल के अधिकारी एवं कर्मचारी नरेंद्र बक्शी इत्यादि मौजूद रहे।

### गांव कोट मुस्तरका में दो पक्षों में मारपीट, कई घायल, मुकदमा दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव कोट मुस्तरका में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कोट मुस्तरका निवासी करम सिंह ने बताया कि उनके गांव के ही नवीन व बंटी उसके लड़के अनमोल को जातिसूचक शब्द कहकर प्रताड़ित करते थे। 18 मई को उसका बेटा अनमोल किसी काम से जा रहा था। रास्ते में नवीन व बंटी ने अपने साथियों मायाराम, ढुनीचंद, फूलाराम, ऋषि, राजू व जसबीर सिंह के साथ मिलकर उसके लड़के को जाति सूचक शब्द बोले। जब अनमोल ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने थप्पड व मुक्कों से उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके लड़के के सिर पर तेजधार हथियार से वार कर घायल कर दिया। जब वह अपने लड़के को आरोपियों से छुड़वाने के लिए आया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### दूसरे पक्ष ने यह दी शिकायत

गांव की 42 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मई को वह शाम साढ़े छह बजे गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी कर्म सिंह ने अपने लड़के कार्तिक व अनमोल के साथ मिलकर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसके कपड़े फाडे व उसे जान से मारने की धमकी दी। परिवार के अन्य सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर उसे आरोपियों के चुंगल से छुड़वाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर चलाया अभियान

**तरावड़ी।** शहर मे बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगरपालिका ने लोगो को जागरूक करने के लिये अभियान चलाया गया। नगरपालिका सचिव के अदेशानुसार नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती और प्रविंद्र सिंह शहर के विभिन्न स्थानों पर जहां पर अतिक्रमण की समस्या ज्यादा पनप रही है वहां पर जाकर लाउडस्पीकर की मदद से अनाउंसमेंट की जा रही है। कि दुकानदार अपना सामान अपनी दुकानों के अंदर ही रखें और जहां तक दुकान की हद है वही तक ही अपनी दुकान का सामान व्यवस्थित तरीके से रखें ।

### डीएवी महिला कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय के संकल्प सभागार में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा करनाल और राष्ट्रीय सामाजिक संगठन करनाल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा मुख्यातिथि तथा श्री कुलबीर मलिक (सचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा करनाल) विशिष्ट अतिथि रहे।

## बारिश से तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली राहत

# दिनभर गर्मी ने किया बेहाल शाम को चली धूल भरी आंधी

*आंधी के कारण ग्रामीण इलाकों में कई जगह गिरे पेड़, बिजली रही बाधित, शहर में आवाजाही कम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गर्मी ने बुधवार को भी खूब परेशान किया। सुबह से ही तेज धूप ने लोगों का पसीना छुड़ाया। शाम को धूलभरी आंधी चलने से जहां गर्मी से राहत मिली वही धूल भरी आंधी के कारण जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया। वही आसमान में अचानक घने बादल छा जाने के कारण शाम 6 बजे ही अंधेरा छा गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम ठंडा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बुधवार को सुबह से ही तीखी धूप के साथ गर्म हवा चलने लगी। दोपहर एक बजे धूप इतनी तेज हो गई कि लोग सड़क पर निकलने से बचने लगे। रेलवे रोड, मोहन नगर, सेक्टर 13, सलारपुर रोड, मेन बाजार में लोगों की आवाजाही कम दिखी। शाम करीब पांच बजे धूलभरी आंधी



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाए बादल व गंतव्य की ओर जाता वाहन चालक।

चलने लगी। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी दोपहिया सवार तमाम लोग सड़क किनारे रुक गए। वही आंधी के कारण ग्रामीण इलाकों में कई जगह पेड़ गिर गए। उधर आंधी के चलते ही शहर में बिजली व्यवस्था भी बाधित रही। मेन बाजार में अंधेरा छाया रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी के चलते दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा रहा। पिछले कई दिनों से तेज धूप व गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। सुबह 9 बजे के बाद पारा चढ़ना शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे धूप बढ़ती गई सड़कों पर सन्नाटा पसरता चला गया।

डॉ. विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि तेज गर्मी पड़ने के साथ लू का प्रकोप है। लू सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर व उल्टी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीना नहीं आना, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख कम लगना व बेहोश होना भी लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं। इससे बचने के लिए लोगों को धूप में निकलने से पहले सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह ढंक लें। पानी अधिक मात्रा में पीयें, नरम सूती कपड़े का ही उपयोग करें।

### घर से बाहर निकलते समय धूप का चश्मे जरूर पहनें

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीश कुकरेजा के अनुसार सूरज की तेज धूप और उसमें से निकलने वाली अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से आंखों का बचाव भी बेहद जरूरी है, सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें आंखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए घर से बाहर निकलते समय धूप का चश्मे जरूर पहनें। सनग्लास जहां धूल के कण को आंखों में जाने से रोकता है, वहीं सूरज की अल्ट्रा किरणों से भी बचाव करता है, तेज धूप से आंखों के बचाव के लिए सिर पर टोपी का इस्तेमाल भी करें।

### पक्षियों के लिए रखें पानी के कसोरे

समाजसेवी रामेश्वर सैनी ने कहा कि आए दिन बदल रहे मौसम के कारण जहां तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं इंसानी जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए भी यह समस्या बन रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमें अपना बचाव करने के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए भी पीने के लिए पानी में दाने का प्रबंध करना होगा ताकि हम अपने पक्षियों की लुप्त हो रही प्रजाति को बचाने में अपना योगदान दे सकें।

## स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से सत्संग आयोजित

# 'बार-बार प्रणाम बिहारी तेरे चरणों मे' भजन पर थिरके श्रद्धालु


**लाडवा।** सत्संग के आयोजक राहुल आहुजा परिवार को स्मृति चिह्न भेंट की सम्मानित करते हुए श्री कृष्ण कृपा परिवार के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा शिव कॉलोनी लाडवा मे राहुल आहुजा के निवास स्थान पर दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स के प्रयासों से आयोजित इस सत्संग मे भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा और कृष्ण भाव भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सुनील वत्स, नवीन भारद्वाज, शुभम सिरसला व विजय ठाकुर द्वारा गाए गए भजनों पर ठाकुर की जी युगल जोड़ी के सामने श्रद्धालु जमकर थिरके। मेरा बार बार प्रणाम बिहारी तेरे चरणों मे... के भजन का श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर राहुल आहुजा, काजल आहुजा, चंचल रोहिला, गुलशन विशाल मैहता, विकास, सुमित गोयल, रोहित सेन, राहुल पांचाल, रामकुमार शर्मा, जयभगवान, अनिता शर्मा, सविता वत्स सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सत्संग मे भाग लिया। श्री कृष्ण कृपा परिवार की ओर से सत्संग के आयोजक राहुल आहुजा परिवार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री कृष्ण कृपा एवं समिति के प्रधान सुनील वत्स ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से गीता और गाय के प्रचार हेतू संकीर्तन आयोजित किए जाते हैं। गीता मनीषी का सपना है कि घर घर मे गीता का पाठ हो और गाय की सेवा हो।

*कैंपस छात्रों को मेडिकल डिग्री हासिल करने का देता अवसर*

# एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना लक्ष्य : अरुण मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश भगत यूनिवर्सिटी ने उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप में स्थित सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में दूसरा कैंपस देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन स्थापित कर अपनी पहुंच का विस्तार किया है। यह नया कैंपस छात्रों को मेडिकल डिग्री (एमबीबीएस प्रोग्राम) हासिल करने का अवसर प्रदान करता है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन के


**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन के संचालन निदेशक इंज. अरुण मलिक।

संचालन निदेशक इंज. अरुण मलिक ने कहा कि छात्र कई कारणों से देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन में शामिल होना चुन रहें हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लीनिकल रोटेशन करने के लिए मार्ग प्रदान करता है, जिससे उन्हें अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में मूल्यवान अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन को संबंधित अथार्टीज द्वारा मान्यता प्राप्त है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रदान की गई शिक्षा कुछ गुणवत्ता मानकों को पूरा करती है, जो भविष्य में लाइसेंस और अभ्यास के लिए आवश्यक है। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन के संचालन निदेशक इंज. अरुण मलिक ने कहा कि देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन के माध्यम से सक्षम स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों का निर्माण कर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना उनका लक्ष्य है।

## कनिष्क ने 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यायल का किया नाम रोशन

**कुरुक्षेत्र।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा में कनिष्क पुत्री राकेश कुमार वशिष्ठ कालोनी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल व अपने परिवार का नाम रोशन किया हैं। हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा की पड़पौत्री कनिष्ठ की इस उपलब्धि से पूरा परिवार खुश है। रंबा ने बताया कि बीआर इंटरनेशन स्कूल कुरुक्षेत्र की छात्रा कनिष्ठ ने बोर्ड की परीक्षा 93 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान हासिल किया है।



कनिष्क ने बताया कि उसका लक्ष्य डाक्टर बन कर देश की सेवा करना है। रंबा ने कहा कि पढ़ाई के बिना जीवन अधूरा है । उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित कर देश के विकास में योगदान दें। रंबा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

"

# बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

- नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों ने सैन्य शौर्य को नमन करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों ने पहलगाम में किए गए नापाक कृत्य के प्रतिकार में ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को संदेश देने के लिए तथा भारत के सैन्य शौर्य को नमन करने का संकल्प लिया। विद्यालय में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कार्यक्रमों समय समय पर आयोजित किए जाते रहते हैं। विद्यार्थियों ने देश भक्ति के नारे लगाए तथा मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश



दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। यदि उनमें बचपन से ही देश भक्ति की भावना विकसित हो जाए तो वे भविष्य में भी इसका अनुसरण करेंगे तथा देश की रक्षा करने के लिए अग्रसर रहेंगे। यह एक पवित्र और उदात्त भावना है जो हमें अपने देश की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को समझने और उसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करती है। दइस अवसर पर उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका अंजली, मोनिका, कोमल, स्वाति, मधु, किरण, रेनू, गीता, स्नेह, अध्यापक जसमेर सिंह, सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कुवि यूआईईटी संस्थान के पांच विद्यार्थी यूके की कंपनी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में यूआईईटी संस्थान ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर कार्य कर रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एवं टैक्नॉलॉजी तथा यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा के दौरान नौकरी मिल जाए तो बड़ा सुखद पल की अनुभूति होती है साथ ही अभिभावकों का सपना पूरा हो जाता है। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड किंगडम की विश्व प्रसिद्ध कंपनी एवियन प्राइवेट लिमिटेड में संस्थान



के पाँच विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के हिमांशु सिन्हा, तेहान गर्ग, ऋषभ सिंह, नीरू रानी, नक्षत्र अरोड़ा ने सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव डॉ वीरेंद्र पाल ने चयनित विधार्थियो को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी डॉक्टर निखिल कुमार ने बताया कि पुल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत संस्थान के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है जिनको डॉटा इंजीनियरिंग एसोसिएट पद के लिए कार्य दिया जाएगा। इस मौके पर ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजीव आहुजा, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ दीपक मलिक, डॉ. सुनील ढींगरा, विशाल आदि मौजूद रहे।

*गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक*

# बाल विवाह व बाल मजदूरी को रोकने के लिए ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जस्ट राइट ऑफ इंडिया एलाइंस के तहत एमडीडी आफ इंडिया द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिल कर बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए थानेसर के गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को जागरूक किया गया। एमडीडी ऑफ इंडिया कि जिला संयोजक रितु रानी ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह लडकी के समग्र विकास को प्रभावित करता है। अगर हमें बाल विवाह का पता चलता है तो हमें उनकी तुरंत जानकारी संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। जिला सह सयोजक रामलाल सिरसल


**कुरुक्षेत्र।** बच्चों और अध्यापकों को जागरूक करती जिला संयोजक रितु रानी।

कहा कि हम अपने आसपास किसी भी क्षेत्र में अगर कोई बाल मजदूरी करवा रहा है। उसको भी रोकने का प्रयास करेंगे, क्योंकि यह बच्चों के पढने की उम्र है और इस समय हम किसी न किसी कारण से अपने बच्चों को बाल मजदूरी में लगा देते हैं। सीएसडब्लू संध्या सैनी ने बच्चों और अध्यापको को बाल विवाह न करने की शपथ दिलवाई। प्रिंसिपल डॉ सचिन्द्र कुमार ने कहा कि ऐसे जागरूक कार्यक्रम प्रत्येक गांव व विद्यालय में चलाए जाने चाहिए।

इस अवसर पर स्पोर्टपर्सन अंजू, सीएसडब्ल्यू ने शीतल सैनी, वाईस प्रिंसिपल राजेंदर कुमार, सचिन चौधरी, कविता, शालू चौधरी, राकेश कुमार, सुरेंद्र सैनी और संदीप शर्मा अन्य अध्यापक मौजूद रहे।




## प्रयास फाउंडेशन कुरुक्षेत्र ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** प्रयास फाउंडेशन शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रयास फाउंडेशन कुरुक्षेत्र के प्रधान नरेश सैनी ने बताया कि प्रयास का गठन सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी श्रीकांत जाधव द्वारा वर्ष 2020 में किया गया था। इस संस्था का उद्देश्य लोगों को नशे से बचाना है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे की बुराई बारे बताया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य रूप से आमंत्रित किए गए थे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा टअठअर पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचना दे सकता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एम एम सिंह उपस्थित रहे।


**कुरुक्षेत्र।** बच्चों और अध्यापकों को जागरूक करती जिला संयोजक रितु रानी।

## शिविर में करवाया प्राणायाम का अभ्यास

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के कृष्ण योग जिला द्वारा परस राम कॉलोनी में गायत्री चेतना केन्द्र के निकट आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन योग शिक्षक चौधरी मांगेराम ने उपस्थित साधकों को टांगों, बाजुओं व गर्दन की सूक्ष्म क्रियाएं करवाई। प्रियंका ने गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण का अभ्यास करवाया। जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी द्वारा निषेध, विधि व लाभ बताकर योगासन करवाए गए। नीलम शर्मा ने हास्यासन करवाया। प्राणायाम का अभ्यास पुष्पा गुप्ता ने करवाया। जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने ध्यान साधना करवाई। शिविर में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा सहित अन्य योग विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिए गए । ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना, शांति पाठ व प्रसाद वितरण के साथ शिविर का सुंदर समापन हुआ । इस अवसर पर सुनयना व सोमा भट्ट सहित कई साधक साधिकायें उपस्थित हुए। संस्थान के नवनियुक्त संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर स्थल को अब नियमित योग कक्षा में परिवर्तित कर दिया गया है और प्रियंका को इस नये योग साधना केंद्र का केंद्र प्रमुख बनाया गया है। इस नए योग साधना केंद्र का समय सायं 6 से 7 बजे तक रखा गया है।

## कार्यक्रम — 'स्वस्थ जीवनशैली सफलता की कुंजी' विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

*इंडियन पीडियाट्रिक एसो. तथा डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान से महाराणा प्रताप स्कूल में कार्यक्रम आयोजित*

# विद्यार्थी, शिक्षक व चिकित्सक के सहयोग से स्वास्थ्य ही नहीं, समाज भी होता है स्वस्थ

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन कुरुक्षेत्र तथा डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान से महाराणा प्रताप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों हेतु 'स्वस्थ जीवनशैली झसफलता की कुंजी' विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में आई.ए.पी. के जिला प्रधान एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश भारद्वाज तथा डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन, डॉ संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ ने भाग




लिया। डॉ. राकेश भारद्वाज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता केवल प्रतिभा या परिश्रम पर नहीं, बल्कि व्यक्ति की जीवन शैली पर भी निर्भर करती है। हम सभी जीवन में सफल होना चाहते हैं—अच्छे अंक लाना, खेलों में विजयी होना और भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर या कोई बड़ा अधिकारी बनना। मगर इस सफलता का आधार है एक मजबूत शरीर और स्थिर मन, जिसे स्वस्थ जीवनशैली से प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में नियमितता, संतुलित आहार, समय पर नींद, व्यायाम और योग को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। सत्र में नशे के दुष्परिणामों और जंक फूड के अत्यधिक सेवन से होने वाले स्वास्थ्य प्रभावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डॉ रूचि जैन ने बताया कि पीसीओडी को पॉलिसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते है। हार्मोन्स में असंतुलन के कारण महिलाओं को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पीसीओडी भी उन्हीं में से एक है। मोटापा, आनुवंशिक कारण होना, महिला की शरीर में इंसुलिन का स्तर अधिक होना, सिगरेट, शराब या नशीली पदार्थो का सेवन करना, मुख्य रूप से जीवनशैली अस्वस्थ्य होना, व्यायाम, योग या मेडिटेशन नहीं करना और खान-पान में लापरवाही दिखाना, अत्यधिक तैलीय और मसालेदार चीजों का सेवन करना आदि। डॉ जैन ने कहा कि उपरोक्त कारणों से बचें व सकारात्मक बदलाव करे। समय पर सोना और जागना, तनाव से दूर रहना, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर चीजों का सेवन करना इत्यादि करें।

### युवा अवस्था ऊर्जा और संभावना का समय

*डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 2002वें कैंप में उन्होंने छात्रों को यह समझाया कि गलत आदतें धीरे-धीरे व्यक्ति की सोच, ऊर्जा और आत्मबल को कमजोर कर देती हैं। डॉ संजय शर्मा ने आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि युवा अवस्था ऊर्जा और संभावना का समय है। यह ऊर्जा तभी सार्थक होती है, जब शरीर और मन दोनों संतुलित और स्वस्थ हों। प्रिंसिपल प्रतिमा शर्मा ने डॉ राकेश भारद्वाज, डॉ रूचि जैन व डॉ संजय शर्मा को सम्मानित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं और उन्हें जीवन के प्रति सजग बनाते हैं। शिविर में विद्यालय की शशि सुनेजा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर समस्त शिक्षिकाएं एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वस्थ, अनुशासित व सकारात्मक जीवनशैली अपनाएंगे, ताकि वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।*

## खबर संक्षेप

### जसमीत नगर में आज बिजली अदालत

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के एक्सईएन यूएचबीवीएन कार्यालय रॉयल पैलेस के पीछे अम्बाला शहर में 22 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला कार्यकारी अभियन्ताा यूएचबीवीएन करेंगे।

### अवैध देसी पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र हरियाली ढाबा काला आम्ब रोड के पास अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में 20 मई 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक जरनैल सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मनजीत उर्फ मन्नु निवासी गाँव मनका जिला अम्बाला को देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ़ में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 2 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। दौराने रिमाण्ड आरोपी से अवैध हथियार बारे गहनता से पूछताछ की जाएगी। 20 मई 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी हथियार सहित हरियाली ढाबा काला आम्ब रोड के पास खड़ा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना नारायणगढ़ क्षेत्र हरियाली ढाबा काला आम्ब रोड के पास व्यक्ति को काबू कर लिया।

### जानलेवा हमला करने के पांच आरोपियों को जेल

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज लड़ाई-झगड़ा तथा जानलेवा हमला करने के मामले में 20 मई 2025 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपान्शु, विशाल, राहुल निवासी गांव छप्पर थाना छप्पर जिला यमुनानगर, वंश निवासी सरस्वती कालोनी थाना छप्पर जिला यमुनानगर, पंकज निवासी बाल्मीकि कालोनी थाना छप्पर जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में और बालक को सुधारगृह भेजा गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 19 मई 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पहले से हमला करने की फिराक में थे दिनांक 19 मई 2025 को उसका पुत्र स्कूल बस से उतरा तो अचानक 9 अज्ञात हमलावारों ने उसके पुत्र पर जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### बैटरी चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 20 मई 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी साहिल निवासी कलाल माजरी अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री संजय कुमार निवासी रविदास माजरी अम्बाला शहर ने 27 दिसम्बर 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि रविदास माजरी अम्बाला शहर के पास 22/23 दिसम्बर 2024 की रात्रि अज्ञात आरोपी ने उसके ई-रिक्शा की बैटरियाँ चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### भारी वाहन चालकों को पुलिस ने किया जागरूक

**अम्बाला।** पुलिस अधीक्षक अम्बाला द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बांई लेन) निर्धारित करने व बांई लेन में चलने बारे वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए।

---

**ईमेल पर आया मैसेज, बम निरोधक दस्ते की जांच में कुछ नहीं मिला**

# अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

- आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगाकर गहनता से जांच की
- अंबाला पुलिस जल्द ही ईमेल भेजने वाले को गिरफ्तार कर लेगी
- ईमेल देखा तो लगा कि यह गलत है लेकिन फिर भी सावधानी के तौर पर हमने सावधानी बरती



अंबाला। उपायुक्त आफिस की फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद सावधानी के तौर पर डीसी ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह धमकी सुबह आधिकारिक ईमेल के जरिए मिली थी। इसके बाद डीसी ऑफिस को बंद कर दिया गया है।

वहीं, पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। इस बारे में डीसी अंबाला अजय सिंह तोमर ने बताया कि आज सुबह डिप्टी कमिश्नर अंबाला के आधिकारिक ईमेल पर एक मेल आया जिसमें अंबाला के डीसी ऑफिस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद डीसी की ओर से इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई। इस दौरान पुलिस टीम के साथ बम निरोधक दस्ता भी डीसी ऑफिस पहुंचा और जांच की। लेकिन उन्हें ऐसा कोई सामान नहीं मिला जिससे शक हो सके।

**जगह-जगह ली जा रही तलाशी**

डीसी अंबाला अजय सिंह तोमर ने बताया कि ऑफिस में बम की सूचना मिलते ही इस दौरान आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। पुलिस ने पूरे ऑफिस की गहनता से जांच की। अब इस धमकी के बाद डीसी ऑफिस में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। डीसी ने बताया कि इस मामले में अब ईमेल पुलिस विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। अब वे जांच कर रहे हैं कि यह ईमेल कहां से आया और किसने भेजा। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे ही हमने यह ईमेल देखा तो हमें लगा कि यह गलत है लेकिन फिर भी सावधानी के तौर पर हमने इसकी जांच करवाई। जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अंबाला पुलिस जल्द ही ईमेल भेजने वाले को गिरफ्तार कर लेगी।

---

**हर जिले में श्रम न्यायालय स्थापित होने से श्रमिकों को मिलेगा शीघ्र न्यायः विज**

# श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते राज्य में होंगे 26 श्रम न्यायालय संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में अब श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विवादों को शीघ्र अति शीघ्र निपटाने के लिए राज्य में कुल 26 श्रम न्यायालय संचालित होंगे। इस संबंध में 12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि श्रम मंत्री ने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य 12 जिलों नामतः पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद, सिरसा, महेन्द्रगढ, भिवानी, चरखी-दादरी, फतेहाबाद एवं मेवात (नूंह) में श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए अपनी ओर से मुख्यमंत्री को एक प्रस्ताव बनवाकर भिजवाया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने अपनी



12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए सरकार ने अनुमति प्रदान कर दी गई

स्वीकृति प्रदान कर दी है। विज ने बताया कि इन 12 श्रम न्यायालयों की स्थापना हेतू बुनियादी ढांचा, फर्नीचर, वाहन, पैट्रोल इत्यादि की व्यवस्था पर लगभग 12 करोड रूपए की राशि का खर्च आएगा।

**6 जिलों में 9 श्रम न्यायालय संचालित, एक निर्माणाधीन चार की मिली पहले ही मंजूरी**

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 6 जिलों (अंबाला में एक, पानीपत में एक, हिसार में एक, रोहतक में एक, गुरूग्राम में दो तथा फरीदाबाद में तीन) में 9 श्रम न्यायालय संचालित हैं, जबकि जिला रेवाडी के बावल में एक श्रम न्यायालय निर्माणधीन है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट भाषण के अनुरूप सोनीपत में एक, झज्जर में एक, पलवल में एक तथा रेवाडी में एक अर्थात चार अन्य श्रम न्यायालयों को पहले ही मंजूरी प्रदान कर दी गई थी। इस प्रकार से 10 जिलों में कुल 14 श्रम न्यायालय की संख्या हो गई थी। राज्य के अन्य 12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालयों को स्थापित करने के लिए श्रम मंत्री श्री अनिल विज के प्रयासों से इस प्रक्रिया को सिरे चढा दिया गया है और आज उन्होंने इस बारे में बताया कि हरियाणा में अब कुल 26 श्रम न्यायालय होंगें। विज ने कहा कि वे चाहते हैं कि श्रम विभाग से संबंधित औद्योगिक विवादों को जल्द से जल्द निपटाया जाना चाहिए ताकि श्रमिकों को समय पर न्याय मिल सकें, इसलिए प्रत्येक जिला में श्रम न्यायालय स्थापित किए जा रहे है।

## 3.900 किलो गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला। गांव कलरहेड़ी के पास से नशा तस्करी मामले में 20 मई 2025 को एन्टी नारकोटिक संल अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमन कुमार निवासी गांव भवानी पट्टी जिला सुपोल बिहार वर्तमान पता खटीक मण्डी नजदीक शिव मन्दिर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 03 किलो 900 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 04 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। 20 मई 2025 को एएनसी अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है, जो आज गांव कलरहेडी से गांव पंजोखरा की तरफ आएगा जिसके पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ है। सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पंजोखरा क्षेत्र गांव कलरहेड़ी के पास नाकाबंदी के दौरान पैदल आ रहे संदिग्ध को काबू कर उसकी विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 03 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी की पहचान सुमन कुमार निवासी गांव भवानी पट्टी जिला सुपोल बिहार वर्तमान पता खटीक मण्डी शिव मन्दिर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना पंजोखरा में मामला दर्ज किया।

---

**एसपी बोले-यातायात के नियमों की पालना के लिए अभियान चलाया जा रहा**

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने व बिना नम्बर प्लेट वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की पालना करने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों/आमजन को समय-समय पर जागरूक किया जाता है। हम सभी को यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए क्योंकि यातायात के नियमों की पालना करना एक सभ्य नागरिक की पहचान भी है। प्रायः देखने में आता है कि वाहन चालक बिना पैट्रन/हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) की नम्बर प्लेट ना लगाकर अपनी इच्छानुसार कोई भी नम्बर प्लेट अपने वाहन पर लगा लेते है। सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए हुए है। एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाने का मुख्य उद्देश्य वाहन चोरी/धोखाधड़ी को रोकना है। रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट वाहनों को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित बनाती है। एचएसआरपी पर एक होलोग्राम विशेष डिजाइन के साथ होता है जिसे नकली बनाना मुश्किल है। आमतौर पर देखा जाता है कि वाहन चोरी की घटनाओं में सबसे पहले नम्बर प्लेट बदली जाती है जिसकी वजह से वाहन टैक करना मुश्किल हो जाता है लेकिन हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगने के बाद इस प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी प्रबन्धक थाना/प्रबन्धक यातायात को निर्देश दिए है कि वह बिना पैट्रन नम्बर प्लेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कानूनी कार्रवाई करें।

---

**अंबाला शहर के कांग्रेस विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने प्रशासन और सरकार पर हमला बोला**

# शहर की जनता त्रस्त, नगर निगम बना भ्रष्टाचार का गढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अम्बाला शहर के कांग्रेस विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने के बाद मीडिया से बातचीत में स्थानीय प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि शहर की हालत बदतर होती जा रही है, लेकिन सत्ताधारी नेताओं को केवल पत्थर लगाने की औपचारिकता से ही सरोकार है। विधायक ने विशेष रूप से अंबाला शहर के ऐतिहासिक



अंबाला। विधायक निर्मल सिंह लोगो की समस्या सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

धार्मिक स्थल नवरंग राय सरोवर के नाम पर वर्षों से लंबित पड़े विकास कार्यों में हुए घोटाले का ज़िक्र करते हुए कहा कि इस पवित्र स्थल पर विकास के नाम पर केवल फाइलें चलीं,पैसे खाये गए और आज तक कार्य अधूरा है।

उन्होंने हाल ही में हरियाणा सरकार और एंटी करप्शन ब्यूरो को पत्र लिखकर इस घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी, साथ ही अम्बाला नगर निगम को निर्देश दिया था कि जब तक जांच पूरी न हो, तब तक इस प्रोजेक्ट पर कोई नई राशि खर्च न की जाए। दुर्भाग्य यह है कि इतने गंभीर विषय पर भी सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार का मौन ही उसकी मंशा को उजागर करता है। कहने और करने में अंतर स्पष्ट दिखता है निर्मल सिंह ने कहा पेयजल संकट और बिजली कटौती से जनता परेशान है।

---

### दो बच्चों के साथ विवाहिता संदिग्ध हालात में लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी निवासी विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं जब शाम को पति घर पहुंचा तो पत्नी व दोनों बच्चे मकान पर नहीं मिले। पति ने हर संभावित स्थल पर पत्नी व बच्चों की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं पति की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने विवाहिता व उसके दो बच्चों की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है जल्द तलाश लिया जाएगा।

---

# बच्चों के साथ होने वाले गुड और बैड टच के बारे में बताया

**बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गवर्नमेंट मिडिल स्कूल डेहा बस्ती अंबाला कैंट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ईव टीजिंग और बुलिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुश्री नेहा परवीन पैरा लीगल वालंटियर अधिकार मित्र मौजूद रही जिन्होंने बच्चों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और उसके परिणामों के बारे में जागरूक किया और ये भी बताया की अगर किसी के साथ अगर ऐसी कोई घटना होती है तो सुरक्षित स्थानों के बारे में जागरूक किया जहां वे अपनी समस्याएं सांझा कर सके तथा महिलाओं और लड़कियों को बिना कि सी डर के बोलने और घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी नेहा परवीन ने ये भी बताया की इस पहल का उद्देश्य न केवल बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है बल्कि उन्हें एक सुरक्षित शिक्षित और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना भी है। इस कार्यक्रम में इद्रीश फाउंडेशन की सहभागिता रही जिसके अंतर्गत बच्चों को कॉपियां और पेन वितरित किए गए। अब हर महीने टीम विद्यालय में आएगी और बच्चों की काउंसलिंग और अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेगी।

---

# आईटीआई बराड़ा में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बराड़ा एट होली में 'खाद्य सुरक्षा और मिलावट' विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अंबाला शहर से आईं डाइटिशियन शिवा ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों एवं बराड़ा ब्लॉक से आए अन्य प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। डाइटिशियन शिवा ने बताया कि किस प्रकार आज के समाज में मिलावटी खाद्य पदार्थ धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। कुछ दुकानदार अपने लाभ के लिए खाद्य वस्तुओं में मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि जंक फूड और बनावटी खाने की आदतें युवाओं के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा रही हैं, जिनका असर भविष्य में गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर के रूप में सामने आ सकता है। उन्होंने सभी को संतुलित आहार के महत्व को समझने, खाने-पीने की वस्तुओं के चुनाव में सावधानी बरतने और जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किस प्रकार नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और प्रतिभागियों ने खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

---

# हरियाणा फिल्म नीति के जल्द सकारात्मक नतीजे आएंगेः बेदी

**9 करोड़ की प्रोत्साहन राशि जारी, सीएम का जताया आभार**

- हरियाणा की भूमि पर बनी 6 फिल्मों को 9.50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सब्सिडी के रूप में दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम की ओर से वरिष्ठ रंगकर्मी जसदीप बेदी ने 6 फिल्मों के लिए साढ़े 9 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। आज जारी एक बयान में बेदी ने कहा कि हरियाणा फिल्म नीति के जल्द ही सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह अच्छी सोच है कि अगर अच्छी फिल्मों का का निर्माण होगा तो इन फिल्मों का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि देश-प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा देना, समाज की सोच को जागृत करना तथा लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालना भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने वाली अच्छी फिल्मों और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने हरियाणा फिल्म नीति बनाई है। जसदीप सिंह बेदी ने कहा कि सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में, हरियाणा फिल्म नीति के तहत चयनित की गई हरियाणा की भूमि पर बनी 6 फिल्मों को 9.50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सब्सिडी के रूप में दी गई है । इस अवसर पर हरियाणा फिल्म नीति की गवर्निंग काउंसिल की अध्यक्ष मीता वशिष्ठ, फिल्म जगत से जुड़े विभिन्न निर्माता, निर्देशक व कलाकार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बेदी ने कहा कि हरियाणा सरकार हरियाणा की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ने हरियाणा के वरिष्ठ कलाकारों के लिए पेंशन देने की एक बहुत ही बढ़िया घोषणा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि कला एवं संस्कृति के विकास के लिए सरकार प्रदेश के हर जिले में कला भवनों का निर्माण करे जिसमें कलाकारों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

---

**संज्ञान** | **हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की 2 धाराओं में संशोधन आवश्यक : हेमंत**

# अंबाला मेयर के निर्वाचन की कानूनी वैधता के लिए प्रदेश सरकार को भेजा ताजा नोटिस

**20 मार्च को निर्वाचन आयोग द्वारा शहरी निकाय विभाग को भेजे पत्र के दो महीने बाद भी कार्रवाई लंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

इसी वर्ष फरवरी-मार्च 2025 में हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण में प्रदेश की तीन दर्जन विभिन्न शहरी नगर निकायों के साथ ही अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के मेयर पद का उपचुनाव भी कराया गया था। आगामी वर्ष जनवरी, 2026 के आरम्भ तक की समय-अवधि के लिए अम्बाला नगर निगम में भाजपा उम्मीदवार शैलजा सचदेवा जबकि सोनीपत नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन मेयर पद पर निर्वाचित हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 मार्च 2025 को प्रदेश के शासकीय गजट में हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 14(1) के अंतर्गत एक नोटिफिकेशन के प्रकाशन मारफत उपरोक्त दोनों मेयर पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों का निर्वाचन अधिसूचित कर दिया गया था एवं 25 मार्च 2025 को उक्त दोनों को सम्बंधित मंडल आयुक्तों द्वारा मेयर पद की शपथ भी दिला दी गई थी। इसी बीच अम्बाला शहर निवासी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार ने 12 मार्च 2025 को राज्य निर्वाचन आयोग और प्रदेश सरकार को लिखकर उनके संज्ञान में लाया था कि बेशक आयोग द्वारा उपरोक्त दोनों नगर निगमों के मेयर पद का उपचुनाव संपन्न करा गया है उपचुनाव को पूर्ण कानूनी वैधता अर्थात वैधानिक मान्यता तभी प्राप्त होगी जब प्रदेश विधानसभा द्वारा हरियाणा नगर निगम कानून,1994 की दो धाराओं नामतः 9(5) और 13(1) में तत्काल कानूनी संशोधन किया जाएगा जोकि उस समय हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में किया जा सकता था। तत्पश्चात हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा 20 मार्च 2025 को एक पत्र के माध्यम से निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा को लिखा गया था कि उपरोक्त विषय पर की जाने वाली वांछित कार्रवाई बारे हेमंत को सूचित किया जाए एवं उसकी एक प्रति आयोग को भी सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु भेजी जाए। बहरहाल, आज दो माह का समय बीत जाने के बाद भी उन्हें शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। अब क्या विभाग द्वारा इस विषय पर राज्य निर्वाचन आयोग को कोई पत्र भेजा गया है अथवा नहीं, इस बारे में आयोग ही बता सकता है। बहरहाल, हेमंत ने बीती 20 मई को इस विषय पर एक बार पुनः निर्वाचन आयोग और प्रदेश सरकार के शहरी निकाय विभाग को लिखा है। हेमंत का कानूनी मत है कि चूंकि वर्तमान में हरियाणा विस का सत्र नहीं चल रहा है, अतः प्रदेश सरकार द्वारा राज्यपाल हरियाणा से उपरोक्त विषय पर एक अध्यादेश प्रख्यापित कराकर तत्काल तौर पर उपरोक्त कानूनी संशोधन किया जा सकता है। नगर निगम कानून, 1994 की धारा 13 (1), जो नगर निगम मेयर और सदस्यों की रिक्त हुई सीटों को उपचुनाव द्वारा भरे जाने से संबंधित है, में नवम्बर-2020 में प्रदेश विधानसभा द्वारा संशोधन कर ऐसा उल्लेख कर दिया गया था कि उक्त धारा के प्रावधान रिक्त मेयर पद पर लागू नहीं होंगे अर्थात इसका सरल शब्दों में अर्थ यह है कि नगर निगम के मेयर का पद, बेशक वह किसी भी कारण से रिक्त हुआ हो, तो उसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव द्वारा भरा नहीं जा सकता है। चूंकि इस कानूनी प्रतिषेध (रोक) बावजूद अम्बाला और सोनीपत में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराया गया, इसलिए उसकी कानूनी मान्यता के लिए उक्त धारा में संशोधन आवश्यक है। नगर निगम कानून का हवाला देते हुए हेमंत ने बताया कि इस धारा में स्पष्ट उल्लेख है कि अगर नगर निगम मेयर या निगम सदस्य के रिक्त हुए पद को, जिसका शेष कार्यकाल कम से कम 6 महीने या उससे अधिक हो, को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव मारफत भरा जाना है, तो ऐसा उस पद के रिक्त होने के अधिकतम 2 महीने के भीतर ही किया जा सकता है। गत वर्ष 8 अक्टूबर 2024 को अम्बाला नगर निगम की तत्कालीन मेयर शक्ति रानी शर्मा के पंचकूला जिले के कालका विधानसभा हलके से भाजपा विधायक बनने और सोनीपत नगर निगम के तत्कालीन मेयर निखिल मदान के सोनीपत विधानसभा हलके से भाजपा विधायक बनने कारण हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 8 एके अंतर्गत अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के मेयर पद उसी दिन से ही रिक्त हो गए थे।

क्योंकि एक ही समय पर कोई व्यक्ति मेयर एवं साथ साथ विधायक नहीं रह सकता है। निर्वाचन आयोग को अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराना ही था, तो मौजूदा धारा 9(5) के अंतर्गत ऐसा अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के मेयर पद रिक्त होने से दो महीने के भीतर अर्थात 8 दिसम्बर 2024 तक करा लेना चाहिए था। चूंकि अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के रिक्त मेयर पद उपचुनाव फरवरी-मार्च, 2025 में कराया गया, इसलिए ऐसे में उपचुनाव कराने की मौजूदा दो महीने की समय सीमा में कानूनी संशोधन करना आवश्यक है।